

## एक नजर में

### कांग्रेस सेवादल का मासिक ध्वजवंदन संपन्न



**मंदसौर।** कांग्रेस सेवादल द्वारा माह के आखिरी रविवार पर ध्वज वंदन किया गया।इस अवसर पर संबोधित करते हुए सेवादल जिलाध्यक्ष दिलीप देवड़ा ने सेवादल के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा, सेवादल कांग्रेस के रिढ़ की हड्डी है। कांग्रेस सेवादल की स्थापना देश को आजाद करने के लिये हुई थी तब से लेकर अब तक सेवादल ने देश के नवनिर्माण में अहम योगदान दिया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत ने कहा कि कांग्रेस और उसके संगठन सेवादल ने देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर सेवादल प्रदेश सचिव मांगीलाल भाटी, सेवादल जिला उपाध्यक्ष सलामउद्दीन मंसूरी, सेवादल के मोहनपुरी गोस्वामी, दशरथ वर्मा, सेवादल युवा बिग्रेड जिलाध्यक्ष अंसार मंसूरी, मनोहर नाहटा, सुनील गुप्ता, महिला नेत्री वर्षा सांखला, योगिता बैरागी, वर्षा धोसरिया आदि नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन रमेश ब्रिजवानी ने किया एवं आभार शहर ब्लॉक सेवादल अध्यक्ष राकेश सेन सम्राट ने माना।

### भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा की गई घटना के विरोध में कांग्रेस देगी ज्ञापन

**मंदसौर।** गत दिवस भारतीय जनता पार्टी एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय मंदसौर के सामने की गई घटना लोकतंत्र की मर्यादाओं के खिलाफ है। विरोध करना सबका अधिकार है, लेकिन गुंडागर्दी और तोड़फोड़ लोकतंत्र नहीं है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस हमेशा विचारों की लड़ाई लोकतांत्रिक तरीके से लड़ती है, सड़कों पर अराजकता नहीं फैलाती। इस घटना के विरोध में कल दिनांक 23 फरवरी 2026 सोमवार को प्रात: 11 बजे जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष कार्रवाई एवं स्त्रङ्खक्रदर्ज करने की मांग की जाएगी। श्री गुर्जर ने सभी कांग्रेसजन से अनुरोध किया कि प्रात: 11 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हों, तत्पश्चात जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभी चल कर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### वृद्धाश्रम एवं विक्षिप्त महिला केंद्र पर संपन्न हुआ सेवा प्रकल्प




**मंदसौर।** नर सेवा ही नारायण सेवा है, इसी संकल्प को चरितार्थ करते हुए सार्वजनिक क्षेत्र में कार्य करने वाली सामाजिक संस्था स्मार्ट ग्रीन मोबिलिटी लिमिटेड ने सेवा प्रकल्प का आयोजन किया गया। संस्था द्वारा शनिवार को वात्सल्य धाम (वृद्धाश्रम) एवं विक्षिप्त महिला केंद्र पर सेवा प्रकल्प संपन्न करवाया। सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्धाश्रम में निवासरत सभी बुजुर्गों को सुरुचिपूर्ण सुबह का भोजन करवाया गया। साथ ही, विक्षिप्त महिला केंद्र में महिलाओं को भी भोजन वितरित किया गया। संस्था की प्रीति तोमर ने बताया कि नर सेवा ही नारायण सेवा है, इसी का ध्येय मानती हुई हमारी संस्था स्मार्ट ग्रीन मोबिलिटी लिमिटेड लगातार सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रही है। पूर्व में भी सरकारी स्कूलों के बच्चों शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया था। इन्ही कार्यो को आगे बढ़ाते हुए शनिवार को वात्सल्य धाम (वृद्धाश्रम) एवं विक्षिप्त महिला केंद्र पर सेवा प्रकल्प के अंतर्गत सभी को सुरूचिपूर्ण भोजन करवाया गया।

## मध्यप्रदेश शिक्षक संघ द्वारा दिल्ली में एआई पर संगोष्ठी का आयोजन



**मंदसौर। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष विक्रम शर्मा जिला सचिव भरत पोपंडिया जिला कोषाध्यक्ष कांतिलाल राठौर ने बताया कि आज मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जो अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ से संबंध है के द्वारा एआई पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें मध्य प्रदेश से मध्य प्रदेश के प्रधान अध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौड़ ,प्रांतीय महामंत्री राकेश कुमार गुप्ता ने सहभागिता की।**

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा है कि हाल ही में आयोजित विश्वस्तरीय एआई शिखर सम्मेलन, जिसे 'मदर ऑफ ऑल एआई समिट्स' कहा गया, में 86 देशों द्वारा हस्ताक्षरित ऐतिहासिक समझौते ने यह स्पष्ट कर दिया है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता समावेशी, मानव-केंद्रित और मूल्य-आधारित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह वैश्विक सहमति भारत को एआई क्षेत्र में विश्व नेतृत्व की दिशा में अग्रसर करती है, जो 'विकसित भारत' के लक्ष्य को निर्धारित समय-सीमा से पूर्व प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगी।

प्रसाद राजधानी स्थित डॉ. बी.आर. आंबेडकर सेंटर में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'डिजिटल सोसाइटी एंड ह्यूमन वैल्यूज़ रीइमैजिनिंग इंटीग्रल ह्यूमनिज्म इन द एआई एरा' के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि 'एआई केवल छात्रों के लिए नहीं, बल्कि सभी के लिए है।' उन्होंने डिजिटल साक्षरता को राष्ट्रीय प्राथमिकता बताते हुए शहरी-ग्रामीण डिजिटल अंतर को पाटने पर बल दिया।

मंत्री ने तकनीकी परिवर्तन के 'डार्क साइड' के प्रति भी सावधान करते हुए डीपफेक और एआई-जनित दुष्प्रचार से उत्पन्न खतरों का उल्लेख किया तथा शिक्षाविदों से आग्रह किया कि वे सुनिश्चित करें कि तकनीक सामाजिक विखंडन का माध्यम न बने, बल्कि समावेशन और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करे। यह सम्मेलन अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, शैक्षिक फाउंडेशन तथा दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणमान्य अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ।

सेमिनार में मध्य प्रदेश से डॉ. अजय तिवारी (जबलपुर) ने 'सतत् कृषि विकास में न्यूनतम लागत प्राकृतिक कृषि का योगदान एक भौगोलिक विश्लेषण' विषय पर अपना शोध-प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया। उनके प्रस्तुतीकरण में प्राकृतिक कृषि मॉडल के माध्यम से कम लागत में टिकाऊ कृषि व्यवस्था विकसित करने की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया, जिसे उपस्थित शिक्षाविदों एवं विशेषज्ञों ने सराहा।



## प्रदेशाध्यक्ष रीना बोरासी ने मंदसौर में ली महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक

**मंदसौर। मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी ने आज मंदसौर में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा महिला सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।**

बोरासी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिला कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से जनहित के मुद्दों को लेकर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के लिए निरंतर संघर्षरत है।

बैठक में संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान तथा आगामी आंदोलनों की रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया गया। श्रीमती बोरासी ने कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनने और उन्हें पार्टी मंच तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, विधायक विपिन जैन, शहर ब्लॉक अध्यक्ष इष्टा भाचावत, नेता प्रतिपक्ष रफत पयामी, महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव राखी सत्रावाला, परशुराम सिसोदिया, हिमानी सिंह, फरजाना खान, अनीता भदौरिया, वर्षा सांखला, नेहा जैन, रुकसार गौरी, लक्ष्मी रैकवार, नम्रता सत्रावाला, कुमकुम सिसोदिया, पिंकी गोड़ सहित बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## जनकल्याण व विकास को नई ऊंचाई देगा मप्र बजट 2026-27 : सांसद सुधीर गुप्ता

**मंदसौर।** जिला भाजपा कार्यालय मंदसौर में मध्यप्रदेश सरकार के वर्ष 2026-27 के बजट को लेकर प्रेसवार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रस्तुत बजट को जनकल्याणकारी बताते हुए कहा कि यह बजट विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प को साकार करेगा तथा गरीब, युवा, नारी और किसानों की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगा।

उन्होंने बताया कि उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत 4.38 लाख करोड़ रुपये का बजट प्रदेश के समग्र विकास और सुदृढ़ अर्थव्यवस्था का दृष्टिपत्र है। बजट में पूंजीगत व्यय में वृद्धि, अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के लिए विशेष प्रावधान, किसानों के लिए सोलर पंप, प्राकृतिक खेती, फसल बीमा तथा ग्रामीण विकास योजनाओं को प्राथमिकता दी गई है।

सांसद गुप्ता ने कहा कि बजट में महिलाओं के लिए लाड़ली बहना योजना, युवाओं के लिए ऋण प्रावधान, खेल, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क एवं शहरी परिवहन जैसी व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह बजट प्रदेश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर मध्यप्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों में स्थापित करेगा।

**एक नजर** — शिवना शुद्धिकरण हेतु श्रमदान

## मानव श्रृंखला बनाकर दिया स्वच्छता का संदेश



**मंदसौर। भारत स्काउट्स एंड गाइड्स जिला संघ और जूनियर रेड क्रॉस सोसाइटी मंदसौर के तत्वाधान में स्काउट के जन्मदाता लार्ड बेडेन पावेल के जन्मदिन थिंकिंग डे पर हीरक जयंती वर्ष के अवसर पर प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

लोकप्रिय विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में शिवना शुद्धिकरण अभियान के अंतर्गत श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला गाइड कमिश्नर टेरेसा मिंज, जिला सचिव सलमा शाह, वरिष्ठ स्काउटर मांगीलाल गौड़, स्काउट गाइड जिला प्रवक्ता उमर शेख, सुरेश भावसार सहित स्काउट-गाइड एवं जूनियर रेडक्रॉस सोसायटी के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सभी ने मिलकर शिवना नदी तट पर स्वच्छता कार्य करते हुए श्रमदान किया। इस अवसर पर बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया तथा शिवना शुद्धिकरण की शपथ भी ली। कार्यक्रम के दौरान विधायक विपिन जैन जैन ने बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

मंदसौर जिला प्रभारी एवं प्रदेश स्काउट गाइड उपाध्यक्ष श्रीमती दीपिका बैरागी, मंदसौर जिला मुख्य आयुक्त अंशुल बैरागी, जिला रोवर्स कमिश्नर एनडी वैष्णव, मंदसौर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ आशीष खिमेसरा मल्हारगढ़ अध्यक्ष डॉक्टर विजय राठौड़ आदि ने स्काउट गाइड को सेवा कार्य के लिए बधाई दी और आगे भी इसी प्रकार से समाज सेवा के लिए तत्पर रहने का आग्रह किया ।

**इन स्काउट गाइड ने लिया भाग**

स्काउट छात्र, अंकित चौधरी, केतन मेवाड़ा, पवन दास, अजय सिंह, ओम प्रकाश, भगवती, जसपाल , सौम्य] गाइड छात्राएं शासकीय उमावि नंदावता से आराधना, कृति, नेहा, शीतल, भूमि, रक्षा, सुमन, दिव्यांशी, आशा, अनुराधा, रंजना, सद्भावना आदि।

# नीमच

## एक नजर में

### लखेरा समाज महिला मंडल ने धूमधाम से मनाया फाग उत्सव



**नीमच।** आस्था केंद्र चैना कुशला माता मंदिर में रविवार को लखेरा समाज महिला मंडल के तत्वावधान में फाग उत्सव अपार उत्साह, भक्ति और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर भक्ति, रंग और उमंग से सराबोर नजर आया। फूलों की सुगंध, ढोल-मंजीरों की मधुर धुनों और 'राधे-राधे' के जयकारों ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में भक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। फूलों से खेली गई होली ने उत्सव को और भी आकर्षक बना दिया, जिससे ब्रज की होली का सजीव दृश्य साकार हो उठा। भजन गायक राजेश शर्मा तथा श्री रामदूत रामायण मंडल की संगीत मंडली ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। 'दीवाना राधे का', 'आज बिरज में होली रे रसिया' और 'भक्ति की है बात मैया आज थाने आनो है' जैसे भजनों पर महिलाएं भक्ति में झूम उठीं। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक महाआरती की गई, जिसके पश्चात प्रसादी वितरण हुआ। उल्लेखनीय है कि लखेरा समाज महिला मंडल द्वारा आयोजित यह फाग उत्सव लगातार चौथे वर्ष सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन ने धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और महिलाओं की सक्रिय सहभागिता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया।

### राजपूत वसीटा समाज महिला मंडल ने पहली बार किया फाग उत्सव का आयोजन



**नीमच।** शहर के प्राचीन एवं चमत्कारिक श्री किलेश्वर महादेव मंदिर में रविवार को राजपूत वसीटा समाज की महिला मित्र मंडल द्वारा फाग उत्सव भव्यता, उत्साह और आध्यात्मिक उल्लास के साथ आयोजित किया गया। मंदिर परिसर रंग, गुलाल और भक्तिरस से सराबोर नजर आया। उत्सव में समाज की बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर शामिल हुईं। महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा सौहार्द, प्रेम और एकता का संदेश दिया। ढोल-नगाड़ों की गूंज और भक्ति गीतों की मधुर स्वर लहरियों पर महिलाएं झूम उठीं, जिससे संपूर्ण वातावरण उत्सवी ऊर्जा से भर गया। 'हर-हर महादेव' और 'सांवरिया सेठ की जय' के जयघोषों ने आयोजन को और अधिक दिव्य बना दिया। मंदिर प्रांगण में उमड़ा यह उल्लास फाग परंपरा का जीवंत चित्र प्रस्तुत करता नजर आया, साथ ही समाज की सांस्कृतिक चेतना और सामूहिक सहभागिता का प्रेरक उदाहरण भी बना। कार्यक्रम का समापन सामूहिक महाआरती एवं प्रसादी वितरण के साथ हुआ। उल्लेखनीय है कि राजपूत वसीटा महिला मित्र मंडल द्वारा प्रतिवर्ष फाग उत्सव का आयोजन किया जाता है, जबकि श्री किलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में यह आयोजन पहली बार संपन्न हुआ।

## विकसित भारत निर्माण में सभी अपना योगदान देने का संकल्प लें : सखलेचा

- विधायक श्री सखलेचा ने जावद में 12.60 करोड़ के संयुक्त एसडीएम एवं तहसील कार्यालय भवन का भूमिपूजन किया
- जावद में 5.26 करोड़ के नवीन जनपदं कार्यालय भवन का भूमिपूजन संपन्न




**नीमच। प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में प्रस्तुत बजट जीरो टैक्स वाला बजट है सरकार ने आम जनता पर कोई टैक्स नहीं लगाया है। सरकार आमजनों के विकास एवं खुशीया बढ़ाने का काम कर रही है, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भी देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने की परिकल्पना की है।**

हम सब मिलकर प्रधानमंत्री जी की इस परिकल्पना को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान देने का संकल्प ले। यह बात पूर्व मंत्री एवं जावद क्षेत्र के विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने रविवार को जावद में 12.60 करोड़ की लागत से बनने वाले नवीन संयुक्त एसडीएम एवं तहसील कार्यालय भवन एवं 5.26 करोड़ की लागत से बनने वाले नवीन जनपद कार्यालय भवन के भूमि पूजन समारोह को मुख्य अतिथि की रुप में संम्बोधित करते हुए कही।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जन सिंह चौहान, जनपद अध्यक्ष श्री गोपाल चारण ,ज़ि.प सीईओ श्री अमन वैष्णव एवं एसडीएम सुश्री प्रीति संघवी तथा सभी नगरीय निकायों के अध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण मंचासीन थे।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जन सिंह चौहान ने अपने उदबोधन में कहा कि जावद क्षेत्र में शिक्षा,स्वास्थ्य,डोम निर्माण एवं सिंचाई के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए है , प्रधानमंत्री आवास एवं उज्वला योजना के माध्यम से गरीबो को पक्की छत एवं नि:शुल्क गैस कनेक्शन की सुविधा मिली है। आयुष्मान योजना से गरीबो को 5 लाख तक की उपचार सहायता भी मिल रही है7 कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष श्री गोपाल चारण ने भी सम्बोधित किया।

प्रारम्भ में अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया 7 वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अतिथियों ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर नवीन संयुक्त एसडीएम एवं तहसील कार्यालय भवन तथा जनपद कार्यालय भवन का भूमिपूजन किया। तहसीलदार श्री पी.एस. पटेल , श्री बी.एल. डाबी, ज.प. सीईओं श्री शैलेन्द्र आदिवासी एवं नायब तहसीलदार श्री कमलेश डूडवे ने अंगवस्त्रम एवं पगड़ी पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया।

अंत में एसडीएम सुश्री प्रीति संघवी ने आभार व्यक्त किया, इस मौके पर जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी जावद शहरवासी, अधिकारी - कर्मचारी एवं पत्रकारगण उपस्थित थे।



## भादवा माताजी को 56 भोग लगाकर निकलेगी 251 फुट की चुनर यात्रा

- पोरवाल महिला महासभा द्वारा 15 मार्च को ब्रज की फूलो वाली होली के रूप मे मनाया जायगा फ़ाग महोत्सव

**नीमच।** अखिल भारतीय पोरवाल महिला महासभा इकाई (मध्यप्रदेश इकाई) के द्वारा आगामी 15 मार्च को फ़ाग उत्सव के अवसर पर मां भादवा माता के दरबार व गौशाला में छप्पन भोग का भव्य आयोजन एवं 251 फुट लंबी चुनरी यात्रा निकाली जाएगी।

अखिल भारतीय पोरवाल महासभा की राष्ट्रीय इकाई के मार्गदर्शन मे महिला महासभा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मुजावदिया मन्दसौर,महामंत्री गायत्री डपकरा गरोठ व कोषाध्यक्ष ललीता गुप्ता नाहरगढ़ ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है,पोरवाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश पोरवाल नीमच ने भादवा माताजी पहुंचकर आयोजन की तैयारियो के सम्बधन मे व्यवस्थाए देखि,लगभग 400 कपल के कार्यक्रम में पहुंचने की स्वीकृतियां प्राप्त होने लगी है,

कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने के लिए कमेटी का गठन किया गया है आयोजको द्वारा बताया गया कि सेठ सांवरिया सेठ के दरबार में भव्य कार्यक्रम संपन्न के बाद फाग महोत्सव को लेकर प्रदेश इकाई द्वारा यह निर्णय लिया गया है।

कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में उक्त कार्यक्रम आयोजित होगा पहली बार महिला महासभा द्वारा 251 फुट की चुनरी यात्रा एवं 56 भोग भादवा माता के साथ-साथ गौशाला में भी छप्पन भोग लगाया जाएगा इस अवसर पर बृज वाली फूलो की होली खेली जावेगी।

**एक नजर** — नीमच जिले में गिद्धों की गणना का कार्य संपन्न

## नीमच जिले में तीन प्रजातियों के 507 गिद्ध पाए गए

**नीमच। प्रदेश में गिद्धों की संख्या और उनकी स्थिति का आंकलन करने के सर्वेक्षण में नीमच जिले में 3 दिवसीय शीतकालीन गिद्ध गणना 20, 21, और 22 फरवरी , 2026 को आयोजित की गई।**

वन मंडलाधिकारी नीमच श्री एस के अटोदे के मार्गदर्शन और एस डी ओ फॉरेस्ट श्री दशरथ अखंड के नेतृत्व में वन विभाग द्वारा गिद्धों की गणना की गई। पहली बार गणना ऐप के माध्यम से दर्ज की गई। उपवन मंडल अधिकारी श्री दशरथ अखंड ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि मृत पशुओं का मांस खाने वाले प्राकृतिक सफाईकर्मी गिद्धों की संख्या पशुपालकों द्वारा दर्द निवारक दवा डिक्लोफेनेक के उपयोग के कारण विलुप्ति की कगार पर आ गई थी। वन विभाग के लगातार संरक्षण प्रयासों से प्रति वर्ष इनकी संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है।

नीमच, मनासा, रामपुरा, जावद और रतनगढ़ वन रेंज तथा जिले की राजस्व भाग में की गई इस गणना में 507 . गिद्ध पाए गए। इसमें मध्य प्रदेश में पाए जाने वाली कुल 7 प्रजातियों में से 3 प्रजाति सफेद इजिप्टियन गिद्ध, सफेद पीठ वाले व्हाइट रैम्पड वल्चर, और इंडियन लॉन्ग बिल्ड वल्चर प्रजातियों को जमीन व पेड़ पर या घोंसलों में बैठे वयस्क, अवयस्क गिद्धों की प्रजातिवार संख्या, उनके आवास,पेड़ो आर विश्राम करते हुए, घोंसलों में शिशुओं के साथ , भोजन करते हुए, नदी नाले के पास पानी में देखे गए गिद्धों की गणना ऐप में दर्ज की गई। गणना के दौरान सख्ती से इस बात का पालन किया गया कि केवल पेड़ों/चट्टानों पर बैठे गिद्धों को गिना जाए. उड़ते हुए गिद्धों को गिनती में शामिल नहीं किया जाता. सूर्योदय से 9 बजे तक चले इस गणना कार्य में वन परिक्षेत्र रतनगढ़ , जावद के रेंजर श्री विपुल , रामपुरा के रेंजर श्री भानुप्रतापसिंह सोलंकी , सभी डिप्टी रेंजर्स व अन्य स्टाफ सहित जिले के वॉलिंटियर्स सेवानिवृत्त सहायक प्राध्यापक, प्राणिशास्त्र डॉ साधना सेवक के साथ नीमच के विशेषज्ञ एवं छात्र निकिता यादव, अनमोल यादव, इंदरजीत सिंह , प्रिंस शर्मा, हर्षल चौहान,अंजली शर्मा, भाग्यश्री पंवार मल्हारगढ़ के अक्षय यति , नीमच के इन्फ्लूएंसर विवेक शर्मा, साथ ही रामपुरा के प्राध्यापक डॉ लखन सिंह यादव, डॉ सुषमा सोलंकी , छात्र प्रहलाद भील, विकास मेघवाल, अभिषेक भट्ट ने सक्रिय सहभागिता की। वन विभाग के इस कार्य में वॉलिंटियर्स की सक्रिय सहभागिता से आम जनमानस में इस पक्षी के संरक्षण के प्रति जानकारी , जिज्ञासा और जागरुकता बढ़ी है।

